# उ0प्र0 बीज विकास निगम

"उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित"

सी–973/74 बी, फैजाबाद रोड, महानगर लखनऊ

**दूरभाष : 0522-2335356**

**ई-मेल : ho.lucknow@upbvn.org      वेबसाइट : www.upbvn.org**

CIN[U01122UP2002SGC026490]

पत्रांक:-यू.पी.सीड्/**3804**/विप.-05/F.P.O.-68/2025      दिनांक: 20 जनवरी, 2026

समस्त बीज उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.)
(दृष्टि योजनान्तर्गत आच्छादित)
उ0प्र0,

महोदय,

कृपया निगम के पत्रांक-यू.पी.सीड्/3094/विप.-05/एफ.पी.ओ.-68/2025 दिनांक-28.11.2025, पत्रांक-यू.पी.सीड्/3326/विप.-05/एफ.पी.ओ.-68/2025 दिनांक-08.12.2025 एवं पत्रांक-यू.पी.सीड्/3329/विप.-05/एफ.पी.ओ.-68/2025 दिनांक-17.12.2025 एवं पत्रांक-यू.पी.सीड्/3739/विप.-05/एफ.पी.ओ.-68/2025 दिनांक-13.01.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जायद/खरीफ में बोई जाने वाली फसलों की प्रजातिवार उपलब्धता के साथ-साथ आगामी रबी-2026-27 हेतु अतिरिक्त प्रमाणित गेहूँ बीज की मांग के क्रम में अपने पंजीकृत किसानो के सापेक्ष गेहूँ बीज की अनुमानित उपलब्धता यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। लेकिन अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

अत: आपसे पुन: अपेक्षा की जाती है कि कृषि विभाग द्वारा आगामी वर्ष रबी 2026-27 हेतु अतिरिक्त प्रमाणित गेहूँ बीज की मांग के क्रम में अपने पंजीकृत किसानों के सापेक्ष गेहूँ बीज की अनुमानित उपलब्धता के साथ-साथ जायद-2026 एवं खरीफ-2026 हेतु धान, उर्द, मूंग, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, सूरजमुखी, जूट, कपास, ढैंचा, सावां, कोदो, रागी, कुटकी, रामदाना इत्यादि प्रमाणित बीजों की उपलब्धता ई-मेल- marketing.upbvn@gmail.com के माध्यम से अवगत कराने का कष्ट करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त खरीफ-2026 हेतु मिश्रित हरी खाद (ढैंचा 1.00 कि.ग्रा. + सनई 1.00 कि.ग्रा. + मक्का 1.00 कि.ग्रा. + ज्वार 0.500 ग्राम + ग्वार 0.500 ग्राम + लोबिया 0.500 ग्राम + भिण्डी 0.500 ग्राम) एक किट का वजन 5.00 कि.ग्रा. की उपलब्धता एवं दरें तथा उक्त सूचनाएं दिनांक-24.01.2026 को अपराह्न 04:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, उक्त तिथि के उपरान्त उपलब्ध कराये जाने पर विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय

(टी.एम. त्रिपाठी)
प्रबन्ध निदेशक

क्रमश:......2

प्रतिलिपिः-

1. परियोजना अधिकारी, उ0प्र0 बीज विकास निगम, मेरठ, आगरा, बरेली, कानपुर, उरई, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या एवं लखनऊ को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ कि अपनी परियोजनान्तर्गत एफ.पी.ओ. (दृष्टि योजना से आच्छादित) को उपलब्ध कराते हुए प्राप्ति मुख्यालय प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
2. संयुक्त कृषि निदेशक (दलहन), कृषि भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि एफ. पी.ओ. शक्ति पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. कृषि निदेशक (उ0प्र0), कृषि भवन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबन्ध निदेशक